Chapter - 5
HTML Editors & image editors

HTML Editor- कोई वेब पेज वास्तव मे एक टेक्स्ट फाइल होती है, जिसमे किसी हाइपरटैक्स्ट भाषा जैसे एचटीएमएल के व्याकरण के अनुसार कोड दिया होता है। इसी कोड को बाद मे ब्राउजर द्वारा वेब पेज मे बदलकर दिखाया जाता है। ऐसे प्रोग्राम जिनमे एचटीएमएल कोड को बनाया या सुधारा जाता है, एचटीएमएल एडीटर (html editor) कहा जाता है। इस कार्य के लिये आप साधारण टैक्स्ट एडिटरो जैसे नोटपैड (Notepad) और वर्डपैड (Wordpad) एमएस वर्ड (MS-Word) आदि का भी उपयोग कर सकते है। सधारण टैक्स्ट एडिटरो या वर्ड प्रोसेसरो के अलावा कई विशेष प्रोग्राम भी होते है, जो केवल वेब पेज तैयार करने और उसके एचटीएमएल कोड को सम्पादित करने के लिये बनाये गये है जैसे माइक्रोसाॅफ्ट फ्रंटपेज (Microsoft Frontpage), नेटस्केप कम्पोजर (Netscape Composer) आदि। इनमे वेब पेज तैयार करने की विशेष सुविधाएॅ होती है। अतः आप इनका उपयोग कर सकते है।

Image Editor- सामान्यतया कोई भी वेबसाइट चित्रो के बिना पूरी नही होती। सफल वेबसाइट के लिये पाठ्य के साथ ही चित्रो तथा मल्टीमीडिया सामाग्री को भी पडना पडता है। वेबसाइट मे चित्रो को लगाने के लिये हमेे चित्रो को अपनी आवश्यकता के अनुसार सुधारने की भी आवश्यकता होती है। कई चित्र हमे स्वयं भी बनाने पड सकते है, जैसे किसी कंपनी का लोगो आदि।चित्र संबंधी कार्यो के लिये हमे विशेष प्रोग्रामो की आवश्यकता होती है, जिन्हे ग्राफिक साॅफ्टवेयर और इमेज एडिटर कहा जाता है। कोरलड्रा, फोटोपेण्ट और फोटोशाॅप इन कार्यो के लिये सबसे अधिक प्रचलित साॅफ्टवेयर है। इनके अतिरिक्त बहुत से इमेज एडिटर इंटरनेट पर मुफ्त मे उपलब्ध है, जिनको डाउनलोड करके उपयोग मे लाया जा सकता है। वास्तव मे चित्र अनेक प्रकार के फाॅर्मेटो मे उपलब्ध होते है। उनको बनाने या सुधारने के लिये विशेष साॅफ्टवेयर की आवश्यकता होती है। वैसे एडोव फोटोशाॅप मे आप प्रायः सभी प्रकार के चित्रो को खोल सकते है और सुधार सकते है।